an>

Title: Need to include Bharathi caste in the list of Scheduled Caste.

श्री हरिनरायन राजभर (घोसी) : मैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वर्ष 1931 की जनगणना में अछूत और डिफरेंट जातियों की गणना गई थी, उस सूची में सूचीबद्ध क्रमांक 7 में अंकित जाति, सन 1936 में जारी अनुसूचित जाति की पहली सूची से बाहर कर दिया गया, जबकि उस सूची में स्थित अछूत जातियां क्रमांक एक पर अहेरिया, दो पर बदक, तीन पर बहेरिया, पांच पर बनवार, छह पर बेड़िया और सात पर भरथी है। मान्यवर, उनको क्यों हटा दिया गया, इसकी अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।